जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

10 अक्टूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

सीडीओई, जेएमआई ने बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) कार्यक्रम में प्रवेश की पेशकश की

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन) ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड में बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) कोर्स के लिए प्रवेश की घोषणा की है। आवेदन पत्र 10 अक्टूबर 2024 से www.jmicoe.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर 2024 है। इस कोर्स में प्रवेश योग्यता के आधार पर होगा, जो 3 नवंबर 2024 को निर्धारित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से निर्धारित किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा जामिया मिल्लिया इस्लामिया परिसर में स्थित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। आवेदक प्रवेश परीक्षा की तिथि से एक सप्ताह पहले परीक्षा पोर्टल से अपने हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं।

परिणाम घोषित होने के उपरांत दस्तावेजों का सत्यापन और शुल्क भुगतान शुरू होगा। प्रवेश परीक्षा के परिणामों के साथ दस्तावेजों के सत्यापन और शुल्क जमा करने का शिड्यूल घोषित किया जाएगा।

आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन पत्र जमा करने से पूर्व ही पात्रता मानदंडों की सावधानीपूर्वक समीक्षा कर लें क्योंकि अंतिम तिथि के बाद कोई भी फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

बी एड कोर्स के अतिरिक्त दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ने अभी हाल ही में स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा कोर्सों के लिए प्रवेश पूरा किया है जिसमें एमबीए, विभिन्न विषयों में एमए, बीए, बीबीए, बी.कॉम और कुछ प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया